## एक नजर में

### जब तक चाहत है तब तक चिंता है, संतोष आया तो चिंता मिटी

**मंदसौर।** आध्यात्मिक चेतना अभियान द्वारा आध्यात्मिक संवाद का आयोजन किया गया। वरिष्ठ साहित्यकार गोपाल बैरागी ने कहा कि मानव जीवन में चिंता सबसे अधिक कष्टदायी होती है। यह चिंता चाहत की देन होती है। जब चाहत मिट जाती हैं तो चिंता मिट जाती है। जब संतोष आता है तो सुख आता है। इसलिये सम्पन्न लोग अधिक चिंताग्रस्त रहते है जिसने प्राप्त को पर्याप्त मान लिया वह सुखी है। प्रमुख वक्ता श्री प्रकाश रातड़िया ने कहा कि मर्यादा, गरिमा और अनुशासन जीवन की उत्कृष्टता के लिये आवश्यक है। विवाहेत्तर संबंध, कथित लिव इन रिलेशन और पर स्त्रीगमन जैसी प्रवृत्तियां सामाजिक विकृतियों का कारण है। आपने कहा कि व्यभिचार के अपराध का प्रावधान भारतीय दण्ड संहिता की धारा 497 सर्वोच्च न्यायालय ने स्त्री पुरूष भेदभाव के आधार पर असंवैधानिक घोषित की थी किंतु इसे भेदभाव रहित स्वरूप में पुनः भारतीय न्याय संहिता में सम्मिलित नहीं किया गया है। सुसंस्कारों के अभाव में वातावरण बिगड़ रहा है। प्रताड़ना, हत्या एवं आत्महत्याएं हो रही है। श्री जीवराज डांगी, डॉ. बी.आर. नलवाया, राजकुमार जसवंत ने विचार रखे। श्री राजेन्द्र तिवारी, अभय जैन, प्रहलाद मालवीय, सुरेश पण्ड्या ने मंगलाचरण, गीत, भजन प्रस्तुत किये। वासुदेव खेमानी, दिनेश जैन, कृष्णकुमार जोशी, शंकरलाल त्रिवेदी, राजेन्द्र शर्मा, अमृतराम सुनार्थी, दिनेश बैरागी, रमेश ब्रिजवानी ने संवाद में सहभागिता की। आध्यात्मिक चेतना अभियान के संयोजक विनोद शर्मा ने गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन सत्यनारायण भूरिया ने व आभार प्रदर्शन निरंजन भारद्वाज ने किया।

### अवैध गैस रिफिलिंग पर पुलिस की कार्रवाई

**मंदसौर।** जिले की चंदवासा चौकी पुलिस ने अवैध रूप से गैस रिफिलिंग करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में गैस सिलेंडर व उपकरण जब्त किए हैं। पुलिस को 2 मार्च 2026 को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम हतुनिया निवासी विष्णु मीणा अपनी दुकान के सामने खुले में घरेलू गैस सिलेंडर से कम्प्रेशर के माध्यम से वाहनों व छोटी टंकियों में गैस भरकर अवैध लाभ कमा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को गैस रिफिलिंग करते हुए पकड़ा। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से इंडियन कंपनी के 5 भरे घरेलू गैस सिलेंडर, 1 छोटी भरी टंकी, एचपी कंपनी के 3 सिलेंडर, इंडियन कंपनी के 22 खाली सिलेंडर, एक आधी भरी छोटी टंकी, कम्प्रेशर मशीन एवं इलेक्ट्रॉनिक तोल कांटा सहित कुल करीब 92 हजार रुपए की सामग्री जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी विष्णु पिता जीवनराम मीणा (27) निवासी ग्राम हतुनिया थाना शामगढ़ को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ थाना शामगढ़ में अपराध क्रमांक 67/2026 धारा 287, 288, 289 बीएनएस एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में चंदवासा चौकी पुलिस का सराहनीय योगदान रहा।

### एमडी ड्रग्स मामले में दो इनामी आरोपी गिरफ्तार, सुवासरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई

**मंदसौर।** जिले में सुवासरा पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल करते हुए एमडी ड्रग्स मामले में फरार दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील एवं एसडीओपी दिनेश प्रजापति के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुवासरा निरीक्षक अनिल रघुवंशी के नेतृत्व में गठित टीम ने 1 मार्च 2026 को मुखबिर सूचना के आधार पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान थाना सुवासरा के अपराध क्रमांक 212/25 धारा 8/15, 22, 25, 29 एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहे इनामी आरोपी शिवपाल उर्फ श्रीपाल (31) निवासी ग्राम कुण्डला बुजुर्ग थाना शामगढ़ एवं ईश्वर (23) निवासी ग्राम साकरिया खेड़ी थाना शामगढ़ को गिरफ्तार किया गया। दोनों आरोपियों पर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक-एक हजार रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस ने आरोपियों से जब्त मादक पदार्थ के स्रोत के संबंध में पूछताछ कर जांच आगे बढ़ाई है तथा दोनों को न्यायालय में पेश किया जा रहा है। इस कार्रवाई में निरीक्षक अनिल रघुवंशी, उनि कपिल सौराष्ट्रीय, उनि भारत कटारा, प्रधान आरक्षक धनपाल जाट सहित पुलिस टीम के अन्य सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा।

## निशुल्क हृदय जांच एवं परामर्श शिविर में 80 मरीज लाभांवित

**मंदसौर। रोटरी क्लब मंदसौर द्वारा निशुल्क हृदय जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन संजय गांधी उद्यान, नई आबादी, मंदसौर में किया गया। शिविर में अपोलो हॉस्पिटल, विजय नगर, इंदौर के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञों द्वारा लगभग 80 मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक परामर्श प्रदान किया गया।**



शिविर के दौरान अपोलो हॉस्पिटल विजय नगर इंदौर के डिपार्टमेंट हेड प्रसिद्ध हृदय चिकित्सक डॉ के.रोशन राव के मार्गदर्शन में डॉ नागर द्वारा मरीजों की ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी, पल्स एवं अन्य आवश्यक जांचें की गईं तथा हृदय संबंधी समस्याओं के लिए उचित मार्गदर्शन दिया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने शिविर का लाभ उठाया।

कार्यक्रम के दौरान कमलेश पाण्डेय द्वारा उपस्थित रोटरी सदस्यों एवं नागरिकों को सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) की प्राथमिक ट्रेनिंग भी दी गई। उन्होंने बताया कि आपात स्थिति में सीपीआर का सही ज्ञान किसी भी व्यक्ति की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। प्रशिक्षण सत्र में सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्वागत उद्बोधन देते हुए अध्यक्ष भूपेंद्र सोनी ने रोटरी द्वारा चलाए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। जिला 3040 के असिस्टेंट गवर्नर संजय गोठी मैं रोटरी इंटरनेशनल द्वारा ग्लोबल ग्रांट के अंतर्गत किए जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी।

कार्यक्रम को प्रोजेक्ट चेयरमैन डॉ अजय व्यास ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष सुधीर लोढ़ा ने किया वो आभार देते हुए सचिव कपिल भंडारी ने भविष्य में भी क्लब परिवार द्वारा जनहित में ऐसे ही स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने की बात कही।

इस अवसर पर क्लब सदस्यों द्वारा रोटरी सदस्य सीए विनय अग्रवाल को सी ए एसोसिएशन का अध्यक्ष, अर्पित मेहता को सचिव मनोनीत होने पर एवं रोटरी सदस्य पंकज अग्रवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं भी प्रेषित करी।



## श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल मंदसौर ने फाग महोत्सव मनाया

**मंदसौर। श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल मंदसौर ने रामटेकरी स्थिति पोरवाल छात्रावास पर फागुन की मस्ती व मथुरा -वृंदावन की होली की तर्ज पर रंगारंग फाग महोत्सव मनाया।**

कार्यक्रम का प्रारंभ होली के रसिया राधा -कृष्ण को मार्गदर्शक मंडल निर्मला मांदलिया, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या, अध्यक्ष कुसुम सेठिया, कोषाध्यक्ष रेखा उदिया व उपस्थित सदस्यों द्वारा गुलाल लगा कर किया गया। इस अवसर पर राधा -कृष्ण -रुकमणी बने ज्योति काला-सुनीता सेठिया -पुष्पा गुप्ता के साथ सभी सदस्यों ने होली के गीतों पर नृत्य किया। प्राकृतिक रंग -गुलाल व फूलों से होली खेली। सभी ने एक- दूसरे को होली की शुभकामनाएं दी।

मंडल अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने उत्सव के महत्व को बताते हुए कहा कि यह उत्सव अधर्म पर धर्म व बुराई पर अच्छाई की जीत का उत्सव है। इस समय प्रकृति भी अपने पुरानी पत्तियों को त्याग कर नई पल्लवित होती हैं। इसी तरह हमें भी नई सोच, नई ऊर्जा व उमंग के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

इस अवसर पर राधा -कृष्ण की आकर्षक झांकी भी सजाई गई। सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से भगवान से प्रार्थना करी की भारत व विश्व में शांति बनी रहे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरित किया। उक्त जानकारी मीडिया प्रभारी प्रिया फरक्या ने दी व उपस्थित सदस्यों का आभार सचिव प्रमिला संघवी ने व्यक्त किया।



## दस दिवसीय यात्रा का आयोजन

**मंदसौर।** दिगम्बर जैन सोश्यल ग्रुप सीनियर सिटीजन मंदसौर द्वारा 10 दिवसीय तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए ग्रुप के प्रवक्ता दिनेश दोशी ने बताया कि ग्रुप द्वारा दिनांक 12 मार्च से 21 मार्च तक अयोध्या सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों की यात्रा का आयोजन किया गया है। यात्रा के लिये ग्रुप के एवं अन्य यात्रियों की स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। इस यात्रा के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देने हेतु तीर्थंकर जन्म स्थली दर्शन एवं वंदना का फोल्डर का विमोचन नगर के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. वीरेन्द्र कुमार गांधी द्वारा किया गया। श्री दोशी ने बताया कि यात्रा के संघपति जगदीश गर्ग है एवं दीपक भूता इस सम्पूर्ण यात्रा के प्रभारी बनाए गये है। यात्रा हेतु विभिन्न समितियों का गठन किया गया है। ग्रुप के अध्यक्ष विनोद सिंहल एवं सचिव अजीत कोटड़िया के नेतृत्व में प्रोजेक्ट चेयरमेन कोमलप्रकाश जैन पंछी, अजीत जैन बंडी एवं महावीर कोटड़िया द्वारा यात्रा की सम्पूर्ण तैयारियां की गई है। 50 यात्रियों का दल दिनांक 12 मार्च गुरूवार को बस द्वारा प्रातः 5.30 पर मंदसौर से पस्थान कर चांदखेड़ी, करगुवाँजी, कौशाम्बी, प्रयासगिरी, प्रयागराज, अयोध्या, रत्नपुरी श्रावस्ती, कहाऊ, सिंहपुरी, चन्द्रपुरी, भदैनी घाट, वाराणसी, भेलुपूर, कुण्डलपुर एवं पुष्पगिरी की यात्रा सम्पन्न कर 21 मार्च को वापस मंदसौर पहुंचेगा।

**एक नजर** — प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के अंग्रेजी विभाग के विद्यार्थी का आनंद पर लघु शोध कार्य

## मानवीय संवेदनाएँ व्यक्ति को सच्चे सुख की ओर प्रेरित करते

**मंदसौर।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी साहित्य विषय के बी.ए. प्रथम वर्ष के छात्र ओजस सोनी ने The HeartÓs Quiet JoyÑA Study of Happiness in Sudha MurtyÓs Stories विषय पर शोध-प्रबंध प्रस्तुत कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह शोध-प्रबंध अंग्रेजी विभाग में विधिवत रूप से प्रस्तुत किया गया।

यह शोध प्रख्यात साहित्यकार सुधा मूर्ति की कहानियों में निहित आंतरिक सुख, संतोष और आत्मिक आनंद की अवधारणा का गहन अध्ययन है। शोध में यह दर्शाया गया है कि किस प्रकार सरल जीवन-मूल्य, मानवीय संवेदनाएँ और नैतिक दृष्टिकोण व्यक्ति को सच्चे सुख की ओर प्रेरित करते हैं।




आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के तृतीय दिवस पर ओजस सोनी को उनके उत्कृष्ट शैक्षणिक कार्य हेतु सम्मानित किया गया। यह सम्मान महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर जे.एस. दूबे, पुलिस अधीक्षक मंदसौर विनोद कुमार मीणा तथा डॉ. सिंधु पौडियाल (त्रिपुरा विश्वविद्यालय) की गरिमामयी उपस्थिति में प्रदान किया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने ओजस के शोध-कार्य की सराहना करते हुए इसे समकालीन संदर्भों में अत्यंत प्रासंगिक बताया। उल्लेखनीय है कि वर्तमान समय में जब युवा वर्ग अवसाद एवं चिंता जैसी मानसिक चुनौतियों का सामना कर रहा है, ऐसे में आंतरिक प्रसन्नता एवं मानसिक संतुलन के महत्व को विद्यार्थियों तक पहुँचाना अत्यंत आवश्यक है। इसी दृष्टि से अंग्रेजी विभागाध्यक्ष डॉ. वीणा सिंह ने शोध-विषय के चयन में संवेदनशीलता एवं दूरदर्शिता का परिचय दिया और विद्यार्थियों को सकारात्मक चिंतन की दिशा में प्रेरित किया। शोध-कार्य के सफल संपादन एवं मार्गदर्शन में अंग्रेजी विभाग के प्राध्यापक सचिन शर्मा, सुश्री दीप्ति शक्तावत एवं डॉ. द्युति मिश्रा का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

महाविद्यालय परिवार ने ओजस सोनी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है तथा आशा व्यक्त की है कि वे भविष्य में भी इसी प्रकार शैक्षणिक क्षेत्र में उत्कृष्टता प्राप्त करते रहेंगे।

# नीमच

## एक नजर में

### बाइक ने पैदल जा रही महिलाओं को टक्कर मारी, 5 घायल



**मनासा।** घोटापिपलिया-कुकड़ेश्वर रोड पर सोमवार को एक तेज रफ्तार बाइक ने पैदल जा रही महिलाओं को टक्कर मार दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। हादसे में बाइक सवार सहित कुल 5 लोग घायल हुए, जिनमें अनिल (तलाऊ), रोड़ी बाई पति भजेसिंह (तलाऊ), सिता बाई और बतुल पति कैलाश (तलाऊ) शामिल हैं। घायलों में कुछ की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। प्रधान आरक्षक क्रमांक 443 लक्ष्मण सिंह सिसोदिया और पायलेट संजू कुमार मारु ने घायलों को एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाइक सवार तेज गति में था और वाहन पर नियंत्रण खो देने के कारण पैदल जा रही महिलाओं से टकरा गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हादसे के कारण कुछ समय तक क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा।

### 1 ट्रॉली से अधिक प्लास्टिक पॉलीथिन थैलियां पन्नी गंदा कचरा किया एकत्रित



**नीमच।** हम सबने ये ठाना है नीमच शहर को स्वच्छ सुंदर पर्यावरण युक्त प्रदूषण मुक्त बनाना है के उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा रविवार दिनांक 1 मार्च 2026 को गांधी नगर स्थित ग्रीन बेल्ट पार्ट एक स्मृति वन में प्रात: 8 से 10 बजे तक 2 घंटे श्रमदान कर परिसर में बिखरी पड़ी पोलेथिन थैलियां, पन्नी, प्लास्टिक बाटले फटे पुराने कपड़े आदि एकत्रित कर ढेर लगाए गए, संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी ने बताया कि भाटखेडा से डुंगलावदा तक सड़क निर्माण कार्य के दौरान ग्रीन बेल्ट परिसर की तार फेसिंग क्षतिग्रस्त हो चुकी है एवं कई पेड़ पौधों को भी सड़क निर्माण के दौरान नुकसान पहुंचा है, संस्था संरक्षक इंजिनियर नवीन कुमार अग्रवाल की सुझबुझ एवं सदस्यों की निरन्तर देखरेख के कारण ग्रीन बेल्ट स्मृति वन के पेडो को कटने नहीं दिया है,परिसर में बेशुमार गंदा कचरा प्लास्टिक पोलेथिन थैलियां बिखरी पड़ी हे जिससे वातावरण दुषित हो रहा है,परिसर को स्वच्छ बनाने हेतु संस्था सदस्यों ने कड़ी मेहनत कर गंदा कचरा एकत्रित किया अभियान में संस्था अध्यक्ष किशोर बागड़ी, सचिव दुलीचंद कनेरिया, कोषाध्यक्ष रमेश मोरे, उपाध्यक्ष राजकुमार सिन्हा, केशव सिंह चौहान, मनीष काठेंड आदि ने श्रमदान कर सहभागिता निभाई।

### सीएमओ बामनिया ने दी होली की शुभकामनाएं

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच की मुख्य नगर पालिका अधिकारी दुर्गा बामनिया ने रंगों के पर्व होली पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए सभी से होली का यह पर्व शालीनता एवं भाईचारे के साथ मनाने का अनुरोध करते हुए कहा कि सभी शहरवासी रंगों के इस पर्व पर स्वच्छता का भी ध्यान रखें और किसी पर भी जबरदस्ती रंग ना डालें। अपने बधाई संदेश में बामनिया ने कहा कि रंगों का यह पर्व सभी के जीवन में खुशहाली लेकर आवे।

## साढ़े तीन किलो अफिम के साथ धराया

▶ अफिम उपलब्ध कराने वाले को भी बनाया आरोपी

**नीमच। थाना प्रभारी जावद निरीक्षक विकास पटेल एवं पुलिस चोकी सरवानिया महाराज द्वारा रोड़मल उर्फ रोडू सुरावत निवासी ग्राम रतनपुरिया से 03 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफिम किमती 5,25,000/- रुपये के परिवहन करते जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया । तथा माल उपलब्ध कराने वाले व्यक्ति को भी आरोपी बनाया ।**



घटना का संक्षिप्त विवरण - दिनांक 01.03.2026 को पुलिस चौकी सरवानिया महाराज थाना जावद पर प्राप्त मुखबीर सूचना की तस्दीक के दौरान घटना स्थल ग्राम खेड़ा मोड़ी से ग्राम नानपुरिया के कच्चे रास्ते पर से रोड़मल उर्फ रोडू सिंह पिता लच्छीराम सुरावत जाति बंजारा उम्र 40 साल निवासी ग्राम रतनपुरिया थाना जावद जिला नीमच (म.प्र.) के कब्जे से प्लास्टिक कि थैली में भरी कुल 03 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफिम परिवहन करते हुए अवैध मादक पदार्थ अफिम के जप्त कर आरोपी रोड़मल उर्फ रोडू सिंह सुरावत को गिरफ्तार कर अवैध मादक पदार्थ अफिम उपलब्ध कराने वाले निर्भय सिंह उर्फ पप्पु पिता भेरूलाल बावरी निवासी ग्राम खेड़ा मोड़ी पुलिस थाना जावद को भी अपराध सदर मे सह आरोपी बनाया जाकर दोनो आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

गिरफ्तार आरोपी - रोड़मल उर्फ रोडू सिंह पिता लच्छीराम सुरावत जाति बंजारा उम्र 40 साल, निवासी ग्राम रतनपुरिया थाना जावद जिला नीमच (म.प्र.)

फरार आरोपी - निर्भय सिंह उर्फ पप्पु पिता भेरूलाल बावरी निवासी ग्राम खेड़ा मोड़ी पुलिस थाना, जावद जिला नीमच (म.प्र.)

जप्त मश्रुका - दो प्लास्टीक थैली मे कुल 03 किलो 500 ग्राम अवैध मादक पदार्थ अफिम

## गुणवत्ता से समझौता नहीं, नपाध्यक्ष ने किया सड़क का निरीक्षण, अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**नीमच। शहर में बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने एवं आवागमन व्यवस्था बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर पालिका द्वारा लगातार सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसी क्रम में वार्ड क्रमांक 22 स्थित कुम्हारा गली से हम्माल मोहल्ले तक डामरीकरण सड़क का निर्माण कार्य तेज गति से जारी है। लगभग 14 लाख रुपये की लागत से बन रही इस सड़क का निरीक्षण नगर पालिका अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने मौके पर पहुंचकर किया तथा अधिकारियों एवं ठेकेदारों को गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए।**



निरीक्षण के दौरान मीडिया से चर्चा करते हुए अध्यक्ष स्वाति चोपड़ा ने कहा कि शहर में बेहतर सड़कों का नेटवर्क विकसित करने और आधारभूत ढांचे को मजबूत बनाने के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता है और नीमच को सुंदर, स्वच्छ एवं विकसित नगर बनाना उनका मुख्य लक्ष्य है।

उन्होंने बताया कि निर्माणाधीन सड़क लगभग 350 मीटर लंबी एवं करीब 5 फीट चौड़ी बनाई जा रही है। क्षेत्रवासियों द्वारा लंबे समय से इस मार्ग के निर्माण की मांग की जा रही थी, जिसे अब पूरा किया जा रहा है। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय नागरिकों को आवागमन में बड़ी सुविधा मिलेगी।

इस दौरान मोहल्लेवासियों ने नगर पालिका अध्यक्ष का स्वागत करते हुए सड़क निर्माण कार्य पर संतोष व्यक्त किया। अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न हो, ताकि नागरिकों को लंबे समय तक बेहतर सुविधा मिल सके। निरीक्षण के दौरान पार्षदगण, नगर पालिका कर्मचारी एवं क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे।

**एक नजर** — यहां दिन रात की जाती होली के डांडे की रखवाली, चोरी होने पर बैठती है पंचायत, लगता है दंड

## अनूठी परंपरा : 20 साल से भील समाज प्रहलाद के रूप में लगा रहे सिमली का डंडा

**नीमच।** पूनम के दिन भक्त प्रहलाद के रूप में स्थापित किए गए होली के डांडे की रखवाली भील समाज द्वारा दिन रात की जाती है। यह डांडा जिस घर के बाहर स्थापित होता है, उसकी जिम्मेदारी रहती है कि वह होलिका दहन होने तक उसकी दिनरात रखवाली करे। क्योंकि यह पेड़ आसानी से नहीं मिलता है। वहीं पूरानी परंपरा होने के कारण अगर डांडा चोरी हो जाता है, तो चोर पकड़ाने पर पहले तो लट्ठमार होती है फिर पंचायत बैठाकर रखवाली करने वाले और चोरी करने वाले दोनों को दंडित किया जाता है।

जिला मुख्यालय पर केवल गायत्री मंदिर रोड पर टीवीएस चौराहे के समीप भील बस्ती के समीप मुख्य रोड पर यह डांडा स्थापित किया जाता है। जिसकी हर दिन पूजा अर्चना होती है। वहीं होलिका दहन के दिन देर रात तक आदिवासी गीतों पर झूमते गाते हुए भील समाजजनों द्वारा होलिका दहन किया जाता है। इस बार होलिका का डांडा 31 जनवरी को पूनम के दिन स्थापित किया गया। वहीं 1 मार्च को पूनम के दिन ही होलिका दहन किया जाएगा। इसी प्रकार 2 मार्च हो धुलेंडी मनाई जाएगी।



### पूनम के पहले जंगलों से ढूंढकर लाते पेड़

जानकारी देते हुए खातु डांगी और सुरेश डिंडोरे ने बताया कि वैसे तो यह परंपरा पूर्वजों के समय से चली आ रही है। लेकिन हम करीब 20 साल पहले नीमच आए थे, तभी से सिमली के पेड़ को भक्त प्रहलाद के रूप में पूनम के दिन स्थापित करते हैं। चूकि यह पेड आसानी से नहीं मिलता है। इस कारण पूनम के पहले हम जंगलों से ढूंढकर लाते हैं। उन्होंने बताया कि हम झाबुआ और कुशलगढ़ क्षेत्र के रहने वाले हैं। जहां पर इस पेड़ के डांडे की चोरी आसपास के गांव के लोग कर लेते हैं। क्योंकि यह आसानी से नहीं मिलता है। इस कारण जिस घर के सामने यह गाड़ा जाता है, उस घर मालिक की जिम्मेदारी रहती है कि वह इसकी पूर्ण रूप से रखवाली करे। वैसे नीमच में तो यह समस्या नहीं आती है। सिमली का पेड़ काफी कम स्थानों पर मिलता है, शहरी क्षेत्र में तो कभी कभार ही नजर आता है। ऐसे में जंगल से भी इस पेड़ को ढूंढकर लाते हैं। अगर पेड़ कहीं नजर आ जाता है, तो साल भर निगाह रखते हैं ताकि होली पर उपयोग किया जा सके। इसी कारण जब इसे भक्त प्रहलाद के रूप में स्थापित किया जाता है, तब से होलिका दहन तक इसकी बहन बेटी की तरह रखवाली करते हैं। अगर चोरी हो जाता है तो चोर सहित रखवाली करने वाले को पंचायत बैठाकर दंडित करते है।

-खातु डांगी, निवासी नीमच